# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462026

website : www.bubhopal.ac.in
email:- budrstore2015@gmail.com
Ph. 0755-2517062


आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकः 227 /भण्डार/2023 भोपाल, दिनांक 06-02-2023

## चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्मों की खुली ई-निविदा- 2023

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के बैंक खातों का बैंक रिकन्सिलेशन, बेलेन्सशीट तैयार करने, सभी प्रकार के टैक्स संबंधी एवं अन्य विश्वविद्यालय से संबंधित लेखा कार्य संपादित करने एवं परामर्श हेतु प्रतिष्ठित चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो की खुली ई-निविदा-2023 आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म जो इस खुली ई-निविदा-2023 में भाग लेना चाहते है वे वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर लॉग-ईन कर फार्म डाउनलोड कर भाग ले सकते है। फर्मो द्वारा चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मो की खुली ई-निविदा में भाग लेने के लिए वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ऑन लाईन प्रस्तुत करने पर ही मान्य की जावेगी। इस निविदा से संबंधित दस्तावेज को हार्डकापी को विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो की खुली ई-निविदा-2023 की शर्ते, प्रक्रिया एवं प्रपत्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेबसाईट **www.bubhopal.ac.in** पर भी उपलब्ध है।

चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो की खुली ई-निविदा-2023 का मूल्य रूपये 5000.00 (रू. पॉच हजार मात्र) जो कि वापसी योग्य नहीं है। सुरक्षा निधि राशि रूपये 1,00,000.00 (रू. एक लाख मात्र) है। इसे ऑन लाईन जमा किया जाना है।

चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो की खुली ई-निविदा-2023 में किसी संशोधन की स्थिति में उपरोक्त दोनों वेब साईटों पर ही संशोधन प्रकाशित किया जावेगा। संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

इस खुली ई-निविदा को जमा तथा खोलने का विवरण निम्नांकित है:-

| Sr. No. | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Tender Published date | 06-02-2023 | चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो की खुली ई-निविदा- 2023 ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर दर्शित है। |
| 02 | Tender Document Download/Sale Start date | 06-02-2023 | |
| 03 | Pre-bid Meeting date | 10-02-2023 | |
| 04 | Tender Submission start date | 06-02-2023 | |
| 05 | Tender Download/Sale End Date | 27-02-2023 | |
| 06 | Tender Submission End Date | 27-02-2023 | |
| 07 | Tender Opening Date | 28-02-2023 | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब-सांईट **www.bubhopal.ac.in** पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो की खुली ई–निविदा–2023

**भाग–1**

**आवेदन की प्रक्रिया एवं सामान्य जानकारी**

**परिचयः–**

भोपाल विश्वविद्यालय, भोपाल की स्थापना वर्ष 1970 में की गयी थी। बाद में इसे महान स्वतंत्रता सेनानी प्रो. बरकतउल्ला के नाम से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल स्थापित किया गया।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-12) जयपुर जबलपुर पर स्थिति है। इसका क्षेत्रफल 350 एकड़ है। यह हबीबगंज रेल्वेस्टेशन से 3 किलोमीटर दूर है। विश्वविद्यालय परिसर में मुख्यतः सत्यभवन है जिसमें प्रशासकीय कार्य कलाप होते है। इसके साथ ही मुक्त एवं दूरवर्ती शिक्षा संस्थान, एन.एस.एस., एक्वाकल्चर विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय मुद्रणालय, बी.एड. विभाग, माईक्रोबायलॉजी विभाग, अर्थ साइन्स विभाग, भौतिकी एवं इलैक्ट्रानिक्स विभाग, यूसिक, बायोसाइन्स विभाग, जेनेटिक्स विभाग, बायो केमेस्ट्री विभाग, पर्यावरण विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, फार्मेसी विभाग, महिला अध्ययन विभाग, इन्जिनियरिंग कालेज, भाषा विभाग, कामर्स विभाग, मनोविज्ञान विभाग, रिजनल प्लानिंग एवं इकोनामिक्स ग्रोथ विभाग, समाजशास्त्र विभाग, विधि विभाग, एम.बी.ए. विभाग तथा छः छात्रावास, अतिथि गृह, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी आवासगृह, डाकघर एवं भारतीय स्टेट बैंक स्थित है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों में यू.जी.सी. एवं विभिन्न एजेन्सियों से प्राप्त अनुदान से अनुसंधान कार्य किया जाता है।

सत्य भवन में मुख्य प्रशासकीय विभाग स्थित है, जैसेः– प्रशाशन विभाग, लेखा विभाग, विकास विभाग, अकादमी विभाग, भण्डार विभाग, यांत्रिकी विभाग, परीक्षा विभाग, गोपनीय विभाग, छात्र कल्याण विभाग, कुलपति कार्यालय एवं कुलसचिव कार्यालय आदि है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के क्षेत्राधिकारी 7 जिलो में फैला हुआ है जिसमें भोपाल, सिहोर, विदिशा, रायसेन, होशंगाबाद, हरदा एवं राजगढ़ है। इन जिलो में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों की कुल संख्या लगभग 400 है।

**<u>चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो की खुली ई–निविदा का उद्देश्यः–</u>**

निविदा का मुख्य उद्देश्य बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के लेखा कार्य, भण्डार एवं सम्पत्ति का (टैली ई.आर.पी. 9 सॉफ्टवेयर में) कम्प्यूटराईज्ड अभिलेख तैयार किया जाना, बेलेन्सशीट तैयार करना, बैंक खातों का रिकन्सिलेशन कार्य, जी.एस.टी. रिटर्न, जी.एस.टी. टी.डी.एस. रिर्टन, आई. टी. रिटर्न, टी.डी.एस. रिटर्न, विश्वविद्यालय के आयकर सम्बन्धी मामलों का निष्पादन करना, करो (Taxes) के संबंध में परामर्श तथा महाविद्यालय एवं छात्रों से प्राप्त होने वाली फीस का कम्प्यूटराईजेशन किया जाना है। जिससे विश्वविद्यालय का आय–व्यय लेखा एवं बजट शीघ्र ही तैयार किया जा सकें। कार्य का विस्तृत विवरण निविदा के **<u>भाग–5</u>** में दिया गया है। चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्मो से अपेक्षा है कि निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व विश्वविद्यालय के लेखा कार्य को सहायक कुलसचिव (लेखा)/वित्त नियंत्रक से सम्पर्क कर ठीक से समझ ले।

**<u>निविदा क्रय एवं सुरक्षा निधिः–</u>**

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000.00 (रू. पॉच हजार मात्र) जो कि वापसी योग्य नहीं है तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 1,00,000.00 (रू. एक लाख मात्र) है। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना है।

**निविदा प्रस्तुत करने की प्रक्रियाः-** निविदा की शर्ते तथा पात्रता बेब साईट **https://www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने पर ही मान्य की जावेगी। यह निविदा विश्वविद्यालय की वेब साईट **www.bubhopal.ac.in** पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है। इस निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त दोनों वेब साईट पर संशोधन प्रकाशित किया जावेगा। संशोधन को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। इस निविदा को हार्डकापी में विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। इस निविदाको प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नांकित हैः-

| Sr. No | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Tender Published date | 06-02-2023 | चार्टेड अकान्टेन्ट फर्मो से द्वितीय खुली ई-निविदा-2023 ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Tender Document Download/Sale Start date | 06-02-2023 | |
| 03 | Prebid Meeting date | 10-02-2023 | |
| 04 | Tender Submission start date | 06-02-2023 | |
| 05 | Tender Download/Sale End Date | 27-02-2023 | |
| 06 | Tender Submission End Date | 27-02-2023 | |
| 07 | Tender Opening Date | 28-02-2023 | |

यदि अपरिहार्य कारणों से निविदा निर्धारित तिथि पर नहीं खुल सकी तो यह निविदा आगामी कार्य दिवस में दोपहर 3:30 बजे खोला जाएगा।

**निविदा में सी.ए.फर्मो की चयन पद्धतिः-**

**प्रक्रिया-1:-** चार्टेड एकाउन्टेन्ट फर्मो की प्रि-बिड मीटिंग आयोजित की जावेगी। आवश्यकता पड़ने पर निविदा की शर्तो में परिवर्तन किया जा सकता है।

**प्रक्रिया-2:-** सर्वप्रथम चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्मो द्वारा ऑन लाईन फार्म फीस तथा सुरक्षा निधि राशि जमा देखी जावेगी। इसमें सफल फर्मो को **प्रक्रिया-3** के लिए मान्य किया जावेगा।

**प्रक्रिया-3:-** चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट की निविदा में फर्मो द्वारा प्रस्तुत निविदा का तकनीकी मूल्यांकन किया जावेगा। तकनीकी मूल्यांकन के समय निविदा में भाग लेने वाली पात्र फर्मो को उचित समझा जाने की दशा में प्रेजेन्टेशन के लिए भी बुलाया जावेगा।

**प्रक्रिया-4:-** तकनीकी रूप से सफल फर्मो की वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

**प्रक्रिया-5:-** प्राप्त निविदाओं का मूल्यांकन (Quality and cost based selection ) के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली फर्म को चयनित किया जावेगा।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मो की खुली ई–निविदा–2023**

**भाग–2**

**आवश्यक आर्हताएँ**

**निम्नांकित दस्तावेज पर फर्म के अधिकृत व्यक्ति के सील सहित हस्ताक्षर कर नीचे दर्शित बिन्दु क्रमांक अनुसार ही अपलोड किए जाने चाहिए। दस्तावेज की स्केन प्रति स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य होना चाहिए। इसके अभाव में फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा को निरस्त किया जावेगा।**

(1) निविदा फार्म क्रय रूपये 5000.00 (रू. पॉच हजार मात्र) एवं सुरक्षा निधि रूपये 1,00,000.00 (रू. एक लाख मात्र) ऑन लाईन जमा की रसीद की फोटोप्रति संलग्न करें।

(2) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को निविदा जारी होने की तिथि से विगत 10 वर्षो या उससे अधिक समय तक कार्यरत होना चाहिए। इसका रजिस्ट्रेशन नम्बर ICAI रिकार्ड के अनुसार संलग्न करें।

(3) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के पास निविदा जारी होने की तिथि को ICAI रिकार्ड अनुसार कम से कम 15 सदस्यों की टीम होना चाहिए, जिसमें 5 पार्टनर एवं 10 paid audit staff होना चाहिए। उसकी सूची भी संलग्न करें। जिसमें उनके नाम, ई–मेल तथा मोबाईल नम्बर भी दर्शित हो। (स्व–सत्यापित सूची संलग्न करें।)

(4) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के पास ICAI रिकार्ड अनुसार निविदा जारी होने की तिथि को कम से कम 2 FCA सहित 5 कार्यरत पार्टनर, जिसमें 2 DISA से Diploma प्राप्त सम्मिलित हो, होना चाहिए। उसकी सूची भी संलग्न करें। जिसमें उनके नाम, ई–मेल तथा मोबाईल नम्बर भी दर्शित हो।

(5) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के पास विगत वित्तीय वर्ष 2021–22 में रू. 50.00 लाख से अधिक का टर्न ओवर होना चाहिए तथा विगत तीन वित्तीय वर्ष (2021–22, 2020–21, 2019–20) में औसत टर्न ओवर रू. 50.00 लाख होना चाहिए।

(6) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म का मुख्य कार्यालय अथवा शाखा कार्यालय ICAI के प्रमाण पत्र अनुसार भोपाल में होना चाहिए।

(7) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के पास विगत 3 वर्षो में कम से कम 5 शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ विभाग/ विश्वविद्यालय/ बैंक का लेखा कार्य/ आडिट/बेलेन्सशीट एवं आयकर एवं जी.एस.टी. कार्य का अनुभव होना चाहिए। प्रमाण पत्र संलग्न करें।

(8) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ विश्वविद्यालय/ संस्था से ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए। चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के विरूद्ध ICAI द्वारा कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं होना पायी जाना चाहिए। इस संबंध में रूपये 500.00 (रू. पॉच सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र प्रस्तुत करे।

(9) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म का GST नम्बर संलग्न करना आवश्यक है।

(10) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म का PAN CARD संलग्न करना आवश्यक है।

(11) प्रपत्र–ए–1 अनुसार 500.00(रू. पॉच सौ मात्र) के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित कर प्रस्तुत करें।

(12) प्रपत्र–ए–2 विधिवत भरकर प्रस्तुत करें।

(13) विश्वविद्यालय द्वारा अन्य कोई कार्य सौपें जाने पर उस कार्य के लिए आपसी सहमति से निर्धारित पारिश्रमिक का भुगतान किया जावेगा।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मो की खुली ई–निविदा–2023**

**भाग–3**
**निविदा की मूल्यांकन पद्धति**
(Quality and cost based selection)

निविदा में भाग लेने वाली फर्मो को 70 प्रतिशत अंक का वेटेज तकनीकी योग्यता तथा 70 प्रतिशत अंक वित्तीय दरों पर निर्धारित किया जावेगा। तकनीकी तथा वित्तीय दरों के योग के अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली फर्म का चयन किया जावेगा।

| स..क्र. | शर्तो का विवरण | अंक |
|---|---|---|
| 01 | चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को निविदा जारी होने की तिथि से विगत 10 वर्षो तक कार्यरत होना चाहिए। इसका रजिस्ट्रेशन नम्बर ICAI रिकार्ड के अनुसार संलग्न करें। | 10 |
| | 10 वर्ष से अधिक कार्यरत | 0.5 प्रति वर्ष |
| | अधिकतम अंक | 15 |
| 02 | चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के पास निविदा जारी होने की तिथि को ICAI रिकार्ड अनुसार कम से कम 15 सदस्यों की टीम होना चाहिए, जिसमें 5 ACA/FCA पार्टनर जिसमें से कम से कम 2 FCA एवं 2 पार्टनर DISA से डिप्लोमा प्राप्त and Audit Staff होना चाहिए। उसकी सूची भी संलग्न करें। जिसमें उनके नाम, ई–मेल तथा मोबाईल नम्बर भी दर्शित हो। (स्व–सत्यापित सूची संलग्न करें।) | 10 |
| | 15 सदस्य से अधिक होने पर प्रत्येक ACA/FCA के लिए | 2 अंक प्रति ACA/FCA |
| | Audit Staff के लिए | 0.5 प्रति स्टाफ |
| | अधिकतम अंक | 20 |
| 03 | चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के पास विगत तीन वित्तीय वर्ष 2021–22 में रू. 50–00 लाख से अधिक का टर्न ओवर होना चाहिए तथा विगत तीन वित्तीय वर्ष (2021–22, 2020–21, 2019–20) में औसत टर्न ओवर रू. 50–00 लाख होना चाहिए। | 10 |
| | प्रत्येक 50 लाख से अधिक टर्न ओवर पर | प्रत्येक 10 लाख के लिए 2 अंक अधिकतम 20 अंक |
| 04 | चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के पास विगत वर्षो में कम से कम 5 शासकीय/ अर्द्धशासकीय विभाग /विश्वविद्यालय/बैंक का लेखा कार्य/आडिट/आयकर/जी.एस.टी. कार्य का अनुभव होना चाहिए। | 10 |
| | 5 से अधिक 10 तक | प्रत्येक विभाग के कार्य के लिये 0.5 |

| | | अंक |
|---|---|---|
| | 10 या उससे अधिक के लिए | प्रत्येक विभाग के लिए 1 अंक) |
| | अधिकतम अंक | 20 |
| **05** | **तकनीकी प्रेजेन्टेशन** | |
| | सामान्य प्रजेन्टेशन | **05** |
| | अच्छा प्रजेन्टेशन | **15** |
| | बहुत अच्छा प्रजेन्टेशन | **25** |

**वित्तीय निविदा के अंक निम्नानुसार दिए जावेगें:-**

| **सं0क्रं.** | **फर्मो से प्राप्त वित्तीय दरें** | **निर्धारित अंक** |
|---|---|---|
| 01 | न्यूनतम दर L1 | **30** |
| 02 | न्यूनतम दर L2 | **25** |
| 03 | न्यूनतम दर L3, L4...... | **20** |

प्रपत्र-ए(1)

**शपथ पत्र**
रू. 500.00 के स्टाम्प पेपर पर
नोटरी से सत्यापित

मैं.................................................................................पुत्र/पुत्री...............................................................
उम्र..............पता.........................................................................................................................................
....................................................................................................................................................

शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/ करती हूं कि फर्म से संबंधित निम्नांकित जानकारी सत्य है। मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्ते मेरी फर्म को मान्य है।

यह की निविदा एवं शपथ पत्र में प्रस्तुत जानकारी असत्य पायी जाती है तो बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को निविदा निरस्त करने एवं फर्म द्वारा जमा की गयी सुरक्षा निधि/ बैंक गारंटी जब्त करते हुए फर्म को ब्लेकलिस्ट करने का अधिकार होगा एवं यह हमारी फर्म को मान्य होगाः-

(1) मैं निविदाकर्ता संस्था.........................................................................(फर्म/ कम्पनी/ समिति का नाम) का.............................................................................................(एकल स्वामी/ संचालक/ मैनेजर/ अधिकृत प्रतिनिधि) हूं तथा यह संस्था वर्तमान में वैद्यानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता....................................................................... ........................................................है।

(2) निविदा में वर्णित चार्टेड अकाउन्टेन्ट कार्य हेतु मेरे/ मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैद्यानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त है।

(3) फर्म द्वारा निविदा प्रपत्र की राशि रू. 5,000.00 (रू. पॉच सौ मात्र) जमा कर दी गई है। जमा की रसीद की प्रति संलग्न है।

(4) फर्म द्वारा निविदा की सुरक्षा निधि राशि रू. 1,00,000.00 (रू. एक लाख मात्र) जमा कर दी गई है। जमा की रसीद की प्रति संलग्न है।

(5) अनुभवः- फर्म द्वारा विश्वविद्यालय/ शासकीय विभाग/ अर्द्धशासकीय विभाग का तीन वर्षो का बेलेन्सशीट व आयकर एवं लेखा कार्य/ आडिट कार्यो का अनुभव है। प्रमाण पत्र/ कार्यदेश की प्रति संलग्न है।

(6) टर्न ओवरः- फर्म के पास विगत वित्तीय वर्ष 2021-22 में रू. 50.00 लाख से अधिक टर्न ओवर है तथा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2021-22, 2020-21, 2019-20) में रू. 50.00 लाख औसत टर्न ओवर है। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न प्रस्तुत है।

(7) आवेदन दिनांक को अयोग्यताः- फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्ट नहीं है अथवा उनसे किसी भी प्रकार का conflict of interest नहीं है, और न ही फर्म किसी शासकीय/ अशासकीय उपक्रम बैंक से दिवालिया घोषित हुई है।

(8) फर्म का जी.एस.टी. नम्बर निविदा के साथ संलग्न प्रस्तुत है।
(9) फर्म का आयकर (PAN) नम्बर की प्रति संलग्न प्रस्तुत है।
(10) संस्था/ फर्म/ कम्पनी का वैद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है।

<u>प्रपत्र–ए(2)</u>

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– चार्टेर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म की खुली ई–निविदा–2023

महोदय,

उपरोक्त विषयाानतर्गत् निवेदन है कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जारी चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्म की निविदा–2023 में चाही गयी जानकारी एवं घोषणा पत्र निम्नानुसार हैः–

| सं.क्रं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | चार्टर्ड अकाउन्टेनट फर्म का नाम | |
| 02 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 03 | कार्यालयीन पंजीकृत पता (As per ICAI record) | |
| 04 | दूरभाष नम्बर | |
| 05 | मोबाईल नम्बर | |
| 06 | ई–मेल आई.डी. | |

## घोषणा पत्र

मेरे /हमारी फर्म द्वारा चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्म की निविदा–2023 में दिए गए सभी नियम / शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तों के अधीन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट संबंधी का कार्य करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते हैं। हमारी फर्म द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है तथा प्रस्तुत जानकारी गलत नहीं है। यदि भविष्य मे कोई जानकारी गलत पायी जाती है तो विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि वह फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि एवं निष्पादन प्रतिभूति जब्त करते हुए फर्म के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर सकेगा।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर सील सहित

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मो की खुली ई–निविदा–2023**

**भाग–4**

**अन्य शर्ते**

(1) निविदा में सफल चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के साथ एक सप्ताह में अनुबन्ध संपादित करना होगा। यह अनुबन्ध एक वर्ष के लिए किया जावेगा। विश्वविद्यालय द्वारा इसकी सूचना सफल फर्म को डाक/ ई-मेल से दी जावेगी।

(2) निविदा मे सफल चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म की कार्य कुशलता को देखते हुए अनुबन्ध में 1 वर्ष की वृद्धि (एक वर्ष में एक बार) की जा सकती है, जो कि अधिकतम तीन वर्ष के लिए होगी।

(3) निविदा मे सफल चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को कुल जी.एस.टी. रहित कार्य के निविदा मूल्य की 3 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति अनुबन्ध के समय एफ.डी.आर. के रूप में सी.ए. फर्म एवं कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के संयुक्त नाम से जमा करनी होगी। इस एफ. डी.आर. पर प्राप्त होने वाला ब्याज फर्म को देय होगा। यह निष्पादन प्रतिभूति सुरक्षा निधि के अतिरिक्त होगी।

(4) जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि 7 कार्य दिवस में लौटा दी जावेगी।

(5) यदि चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म समायावधि में अनुबन्ध करने में असमर्थता व्यक्त करती है अथवा अनुबन्ध के बाद कार्य प्रारम्भ नहीं करती है तो फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि तथा निष्पादन प्रतिभूति दोनों राजसात कर ली जावेगी।

(6) अनुबन्ध की तारीख से चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को 7 दिवस में कार्य प्रारम्भ करना होगा।

(7) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को यह अधिकार होगा कि चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा सौपें गए कार्य को ठीक से न करने पर अनुबन्ध को किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर एवं प्रत्युत्तर संतोषजनक न होने पर सुरक्षा निधि राजसात करते हुए निविदा निरस्त कर सकता है।

(8) **Joint Ventures** अथवा चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्मो के समूह को निविदा में भाग लेने का अधिकार नही होगा। एक चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा एक ही प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना होगा। यदि एक से अधिक प्रस्ताव होना पाया जाता है कि उस फर्म को अयोग्य घोषित किया जावेगा।

(9) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि वह किसी भी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताए निरस्त कर दे। इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

(10) निविदा में सफल चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में ही कार्य करना होगा। किसी भी रूप में कोई भी दस्तावेज किसी भी कारण से विश्वविद्यालय परिसर से बाहर नहीं ले जाया जावेगा। विश्वविद्यालय के दस्तावेजों एवं अन्य जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना होगा तथा कोई भी जानकारी अनाधिकृत व्यक्ति को बताना वर्जित है।

(11) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को वित्तीय संहिता, भण्डार क्रय नियम, विश्वविद्यालय एवं अन्य शासकीय नियमों के अन्तर्गत् विश्वविद्यालय के लेखा कार्य में दक्षता लाने के लिए परामर्श दे सकेगी।

(12) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को आंतरिक लेखा कार्य की त्रैमासिक रिपोर्ट आगामी 15 दिवस में प्रस्तुत की जावेगी।

(13) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को निर्धारित समय में लागू टैक्स जमा करने संबंधी कार्य पूर्ण करना होगा।

(14) यदि चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म अनुबन्ध की शर्तो अनुसार समयावधि में कार्य सम्पन्न नही कर पाती है अथवा फर्म के कर्मियों द्वारा घोर लापरवाही, अनियमितता, कार्य में ढिलाई या कदाचार या धोखधड़ी का दोषी पाया जाता है तो ICAI को सूचित किया जावेगा तथा सी.ए. फर्म द्वारा जमा सुरक्षा निधि एवं परफारमेन्स गारन्टी जब्त की जा सकेगी। साथ ही विश्वविद्यालय को हुई हानि की वसूली के लिए फर्म को देय भुगतान से कटौति का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को होगा।

(15) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा अनुबन्ध की शर्तो अनुसार किए जाने वाले कार्य की समीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी। इस समीक्षा में फर्म के प्रमुख अधिकारी को उपस्थित होना आवश्यक है।

(16) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को प्रत्येक कार्य के अंत में बिल के साथ कार्य संबंधी रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा।

(17) विश्वविद्यालय द्वारा चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म को किए जाने वाले भुगतान से नियमानुसार करों की कटौती उपरान्त भुगतान किया जावेगा।

(18) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के अधिकारियों को स्वयं नियमित रूप से विश्वविद्यालय का दौरा करना आवश्यक है।

(19) विवाद की स्थिति में कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

(20) न्यायालय विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

(21) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा निविदा में प्रस्तुत मूल दस्तावेजो का अवलोकन विश्वविद्यालय द्वारा मांगे पर फर्म को प्रस्तुत करना होगा। इन दस्तावेजों का संबंधित विभाग से आवश्यकता होने पर सत्यापन कराया जा सकेगा दस्तावेजों में कोई विसंगति पाये जाने पर विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा एवं सुरक्षा निधि राजसात की जा सकती है।

(22) निविदा में सफल फर्म किसी अन्य फर्म से कार्य नहीं करायगी।

(23) निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने की शक्ति विश्वविद्यालय को होगी। निविदाकार तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों का मान्य होगा।

(24) निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

(25) निविदाकारों को समान QCBS अंक होने पर चयन समिति अधिकतम ACA/FCA पार्टनर वाली फर्म का चयन करने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं समिति का निर्णय अंतिम होगा।

(26) निविदा खोलते समय चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है।

(27) निविदा में सफल फर्म को अभिलेखों के कम्प्यूटराईजेशन का डाटा साफ्ट कापी में चाहे गये फारमेट में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा। इस पर विश्वविद्यालय का एकाधिकार रहेगा।

(28) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म के कर्मचारियों को कार्य हेतु स्थान, आवश्यक साफ्टवेयर, बिजली, कम्प्यूटर, मल्टीफंक्शन, स्टेशनरी आदि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा। इन सामग्रियों पर विश्वविद्यालय का एकाधिकार रहेगा।

(29) निविदा में भाग लेने वाली फर्मो को वित्तीय निविदा में प्रतिवर्ष लिए जाने वाले पारिश्रमिक की दर रूपये में अंकित की जाना है। जी.एस.टी. की दर पृथक से दर्शित करना है।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मो की खुली ई-निविदा-2023

## भाग-5

## चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म द्वारा किये जाने वाले कार्य का विवरण

(1) टैली ई.आर.पी.9 सॉफ्टवेयर मे डबल एन्ट्री सिस्टम के माध्यम से विश्वविद्यालय का सम्पूर्ण लेखांकन कार्य करना।

(2) विश्वविद्यालय के बैंक खातों के आय-व्यय एवं कैश बुक को टैली ई.आर.पी. 9 सॉफ्टवेयर के माध्यम से मेन्टेन करना।

(3) विश्वविद्यालय का प्रत्येक माह का बजट शीर्ष अनुसार मासिक आय-व्यय लेखा तैयार करना। इसकी सहायता से वित्तीय वर्ष 2022-23 से वास्ततिक आय-व्यय का वार्षिक लेखा तैयार करना।

(4) विश्वविद्यालय की बेलेन्सशीट तैयार करना। वर्ष 01-04-2021 से अनुबन्ध समाप्त होने तक।

(5) विश्वविद्यालय के निम्नांकित बैंक खातों का बैंक रिकन्सिलेशन कार्य दिनांकः 01-4-2021 से करनाः-

| सं. क्रं. | बैंक का नाम | खाते का प्रकार | बैंक खाता नम्बर | बैंक खाते की रिकन्सिलेशन की अवधि वर्ष से | तक | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | भारतीय स्टेट बैंक | सामान्य मद | 10020000105 | 01-04-2021 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 02 | भारतीय स्टेट बैंक | विकास मद | 10020001891 | 01-04-2021 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 03 | भारतीय स्टेट बैंक | परियोजना मद | 10020000127 | 01-04-2021 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 04 | भारतीय स्टेट बैंक | डी.बी.टी. | 34143196236 | 01-04-2021 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 05 | भारतीय स्टेट बैंक | एन.एस.एस. | 10020001212 | 01-04-2021 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 06 | भारतीय स्टेट बैंक | शिक्षक कल्याण निधि | 34466229937 | 01-04-2021 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 07 | भारतीय स्टेट बैंक | इण्डोमेन्ट | 34430489362 | 01-04-2001 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 08 | पंजाब नेशनल बैंक | | 540021000677708 | 01-04-2001 | अनुबन्ध समाप्ति तक | |
| 09 | भारतीय स्टेट बैंक | गोपनीय खाता | 10020045852 | - | अनुबन्ध समाप्ति तक | |

(6) विश्वविद्यालय के समस्त प्रकार के अग्रिम एवं समायोजन रजिस्टर का टैली ई.आर.पी.9 सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटराईजेशन करना। अग्रिम एवं समायोजन संबंधी कार्यो में सहयोग एवं परामर्श करना।

(7) विश्वविद्यालय के शिक्षक/ अधिकारी/ कर्मचारियों के सी.पी.एफ. खातों का टैली ई.आर.पी.9 सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटराईजेशन करना। ब्याज की गणना करते हुए खातों को अद्यतन करना। इनका बैंक रिकन्सिलेशन कार्य करना तथा एन.पी.एस एवं ई.एस.आई./ई.पी.एफ. के कार्यो में सहयोग करना तथा इनका प्रारंभ से बैंक रिकन्सिलेशन कार्य करना।

(8) विश्वविद्यालय के समस्त आय जैसेः- छात्रों द्वारा प्राप्त फीस, महाविद्यालयों से प्राप्त एफीलेशन फीस एवं अन्य आय के अभिलेख को मेन्टेन करना।

(9) विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा के स्थाई स्टाक पंजी का कम्प्यूटराईजेशन करना। वर्ष 01-04-2010 से अनुबन्ध समाप्त होने तक ।

(10) विश्वविद्यालय द्वारा फर्मो के देयक, विश्वविद्यालय के शिक्षक/ अधिकारी/ कर्मचारियों के वेतन से आयकर एवं अन्य टैक्स की कटौति को समयावधि में आयकर/ संबंधित विभाग में जमा करना।

(11) विश्वविद्यालय द्वारा फर्मो के देयक से जी.एस.टी. के कटोत्रा को समयावधि में ऑन लाईन जमा करना।

(12) आयकर कटौति संबंधी संबंधित फार्म, विश्वविद्यालय के शिक्षकों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों को जारी करना।

(13) विश्वविद्यालय को मितव्ययिता हेतु परामर्श देना।

(14) विश्वविद्यालय के आयकर एवं अन्य करों से संबंधित प्रकरणों का विश्वविद्यालय के हित में समाधान करना।

(15) विश्वविद्यालय के लेखा शाखा, भण्डार शाखा की पंजीयों के कम्प्यूटराईजेशन ( टैली ई.आर.पी.9 सॉफ्टवेयर में) करने हेतु लेखा एवं भण्डार शाखा में पदस्थ अधिकारी / कर्मचारियों को वर्ष में कम से कम 2 नए ट्रेनिंग/ सहायता करना।

(16) विश्वविद्यालय की अचल संपत्ति एवं स्थाई प्रकार की सामग्री/ उपकरणों का भौतिक सत्यापन वित्तीय वर्ष 2021-22 से करना ।

(17) उक्त कार्यो के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के मा. कुलपति/ कुलसचिव द्वारा बताए गए अन्य कार्य।

# Tender for CA Firms 2023

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

### चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मो की प्रथम खुली ई–निविदा–2023

### भाग–6 : वित्तीय निविदा

| | |
|---|---|
| चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्म का नाम | |
| चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मो की खुली ई–निविदा–2023 के भाग–5 में दर्शित कार्य का पारिश्रमिक प्रतिवर्ष रूपये में (अंकों में एवं शब्दों में) | |
| कर का नाम एवं दर | |
| कर का नाम एवं दर | |